# NEWS LETTER

HAPPY INDEPENDENCE DAY

GOLD : 52579

SILVER : 59299

CRUDE OIL : 7379

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

13/08/2022


सपने देखने की उम्र में सपनों को सच करके उनमें जीवन की तलाश शुरू कर देने वाला हजारों में कोई एक ही होता है। ऐसे ही बिरले शख्स है सुखदेव शर्मा। महज 23 साल की उम्र में सुखदेव ने कुछ अलग करने की सोची। और चेन्नई में परिवार का जमा-जमाया गोल्ड फाइनेंस का बिजनेस छोड़कर अपने बर्थ प्लेस राजस्थान में आ गए। यहां आकर उन्होंने मार्केट रिसर्च तो कॉटन इंडस्ट्री में जबरदस्त स्कोप पाया। और तुरंत ही इस इंडस्ट्री में कॅरियर बनाने की ठान ली। आज 26 साल की उम्र में सुखदेव की मां ब्राहमणी कॉटन नाम से गंगानगर के पास भगवानगढ़ में एक कॉटन जिनिंग फैक्ट्री है। जहां 24 डीआर लगे है। वे बताते है कि प्रतिदिन औसतन 220 बेल्स की प्रेसिंग उनकी फैक्ट्री में होती हैं।

## राजस्थान के युवा कॉटन जिनर से खास बातचीत

### मार्केट को समझा और अनुभव पाया

सुखदेव ने बताया कि फैक्ट्री शुरू करने के पहले ही साल में हमें सीसीआई के साथ काम करने का मौका मिला। इससे हमें मार्केट को समझने में बहुत आसानी हुई और काफी अनुभव भी मिला। इसी अनुभव के आधार पर इस साल मैंने अपनी फैक्ट्री के अलावा एक अन्य फैक्टी को लीज पर लेकर उसमें भी जिनिंग का काम शुरू किया है। चंूकि डिमांड अच्छी है और बॉयर तलाशने में कोई परेशानी नहीं हो रही है इसलिए जल्द में 24 डीआर की फैक्टी को 48 डीआर में तब्दील करने की कोशिश में हूं।

### सरकार का आभार

वे बताते हैं कि अपनी सफलता के लिए मैं राजस्थान गवर्नमेंट को धन्यवाद देना चाहूंगा। क्योंकि मुझे इंडस्ट्री शुरू करने में सरकार का बहुत सहयोग मिला। यहां सरकार कॉटन फैक्टी लगाने वालों को खासी सब्सिडी देती है। इसके अलावा मंडी टेक्स में भी छूट की सुविधा यहां उपलब्ध है। युवा बिजनेसमैन होने के नाते मुझे सरकार ने 25 प्रतिशत की छूट दी। और इसी मदद के चलते में व्हाइट गोल्ड की इस दुनिया में चमक रहा हंू।

### सक्सेस मंत्र

काम करने के दौरान मैं आराम का नहीं सोचता, दूसरों को वर्क लोड देने की जगह मुझे स्वयं वर्क लोड लेना पसंद है।



**कॉटन इंडस्टी के युवा योद्धा : सुखदेव शर्मा**

### गांव के लिए कुछ करने की थी इच्छा

सुखदेव का परिवार चैन्नई में रहता है। उन्होंने बताया कि मेरे पिताजी का गोल्ड फाइनेंस का कारोबार है। जिसे मेरा बड़ा भाई संभाल रहा है। मेरे बड़े भाई ने ही मुझसे कहा कि अब हमें अपने गांव के लोगों के लिए भी कुछ करना चाहिए। उसकी यह बात मुझे जंच गई। और कोरोना काल में मैं अकेला ही राजस्थान आया। अपर राजस्थान में मेरे काकाजी रहते है यहां आकर देखा कि इस एरिया में कॉटन प्रोडक्शन काफी होता है। इसीलिए कॉटन फैक्टी शुरू की। खुशी है कि अपने एरिया के लोगों को रोजगार देने में सफल रहा हूं।

### आने वाला साल होगा फायदेमंद

यहां कच्चे माल की कोई कमी नहीं है क्योंकि कपास यहां की प्रमुख फसल में से एक है। चूंकि पिछले साल किसानों को अच्छे भाव मिले है इसलिए इस साल प्रोडक्शन और भी बेहतर होने की उम्मीद है। कॉटन भाव में लगातार तेजी की वजह से पिछला साल जिनर्स के लिए चुनौति भरा रहा। एक सप्ताह जिनर्स ने मुनाफा कमाया तो अगले ही सप्ताह उसे लॉस उठाना पड़ा। उम्मीद है कि आने वाला सीजन जिनर्स के लिए फायदेमंद होगा।

### लाइफ फंडा

यदि पसंद की जिंदगी नहीं मिली है तो जो जिंदगी मिली है उसी को अपनी पसंद की जिंदगी बना लो। माइंड को एडजस्टमेंट सीखाना बहुत जरूरी है।

## रिस्क बहुत है यहां

बाजार में कॉटन के बढ़ते भाव ही हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौति है। रेट में स्थिरता आनी चाहिए। इस इंडस्ट्री का भविष्य तो उज्जवल है लेकिन यहां रिस्क बहुत है इसलिए हर कदम सोच-समझकर उठाना होता है। मैं हर पल काम करने में विश्वास रखता हूं, और अपना 100 प्रतिशत काम को देना चाहता हूं इसलिए रहता भी फैक्ट्री में ही हूं। हमारी इंडस्ट्री में 6 महीने बहुत काम होता है और बाकि के 6 महीने स्थिरता होती है। ज्यादातर लोग इन 6 महीनों में आराम करना पसंद करते है लेकिन मैं इन बचे हुए 6 महीनों में सेल्फ एनेलिसिस करता हूं और खुद को काम को बेहतर बनाने के लिए नई वर्क स्ट्रैटजी बनाता हूं।

## INDIA : COTTON SUPPLY AND DEMAND REPORT

| INDIA | | | | | 170 Kg Bales | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| SMART INFO SERVICES | | | | | | |
| Aug-2022 | 2020/21 | 2021/22 Est. | 2022/23 Proj. | | MoM | YOY |
| | | | Jul | Aug | Changes | Changes |
| Beginning Stock | 2,00,70,000 | 1,52,80,000 | 1,01,60,000 | 1,09,30,000 | 7,70,000 | -43,50,000 |
| Production | 3,53,30,000 | 3,13,60,000 | 3,52,00,000 | 3,52,00,000 | - | 38,40,000 |
| Imports | 10,80,000 | 12,80,000 | 21,80,000 | 19,20,000 | -2,60,000 | 6,40,000 |
| Total Supply | 5,64,70,000 | 4,79,20,000 | 4,75,40,000 | 4,80,50,000 | 5,11,000 | 1,30,000 |
| Domestic Use | 3,32,80,000 | 3,20,00,000 | 3,20,00,000 | 3,20,00,000 | - | - |
| Exports | 79,20,000 | 49,90,000 | 47,40,000 | 47,40,000 | - | -2,60,000 |
| Loss | - | - | - | - | - | - |
| Total Demand | 4,12,00,000 | 3,69,90,000 | 3,67,40,000 | 3,67,40,000 | - | -2,60,000 |
| Ending Stock | 1,52,80,000 | 1,09,30,000 | 1,08,00,000 | 1,13,20,000 | 5,11,000 | 3,80,000 |
| Stock/Use Ratio | 3,70,900 | 2,95,500 | 2,94,100 | 3,08,000 | 13,900 | 12,500 |
| Source:USDA | | | Report Dated:12-August-2022 | | | |


सुनहरा अवसर

इंडस्ट्री से जुड़े 40 हजार से ज्यादा लोगों तक पहुंचाए अपने बिजनेस की हर जानकारी हमारे माध्यम से पाएं अपने बिजनेस को बढ़ाने का सुनहरा अवसर

जानकारी के लिए संपर्क करें- 9111977771

# NEWSLETTER

**NORTH :** Cloudy
**CENTRAL :** Cloudy
**SOUTH :** Cloudy
*(WEATHER REPORT)*

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

***13/08/2022***

## जानिए टेक्सटाइल निवेशकों के लिए अगस्त का पहला सप्ताह

### 06 अगस्त से 13 अगस्तके मध्य प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की शेयर रिपोर्ट पर एक नजर


शेयर मार्केट निवेशकों के लिए यह सप्ताह खासा असमंजस वाला रहा। इस सप्ताह लगभग सभी प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज के शेयर्स के प्राइज में कमी आई। इस वजह से नए निवेशकों ने जहां बाजार में रूचि ली वहीं पुराने शेयर होल्डर्स ने होल्डिंग पर ही फोकस किया। आइए जानते है बीएससी के मंच पर प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज के शेयर्स की क्या रही परफॉर्मेंस

| कंपनी | करंट प्राइस | हाई प्राइस | लोएस्ट प्राइस | हलचल |
|---|---|---|---|---|
| वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड | 315.6 | 323.9 | 303.1 | 3.14% |
| अरविंद लिमिटेड | 96.15 | 104.5 | 92.5 | 3.83% |
| वेलसपन इंडिया | 74.05 | 76.8 | 70.15 | 5.56% |
| नितिन स्पिनर्स | 212.55 | 213.8 | 203.85 | -0.98% |
| रेमण्ड | 970.05 | 998.15 | 945.05 | 0.01% |
| अक्षिता कॉटन लिमिटेड | 288.9 | 303.95 | 262.4 | 9.85% |

## विदेशी कॉटन से कई ज्यादा महंगा हुआ देशी कॉटन

कपास की कीमतों ने एक बार फिर करवट बदली है। पिछले कुछ सप्ताह से कपास के भाव का ग्राफ लगातार उपर चढ़ने लगा है। वर्तमान स्थिति यह हो गई है कि सभी कॉटन वायदा बाजारों के मुकाबले भारतीय कॉटन वायदा बाजार के भाव बहुत ज्यादा हो गए है।

आइस कॉटन पर जहां दिसंबर वायदे के लिए कॉटन कैंडी के भाव **67,818** रूपए है वहीं एमसीएक्स पर नवंबर महीने के कॉटन भाव **73,488** रूपए है। एसआईएस की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक अगस्त महीने के लिए फिजिकल कॉटन मार्केट में शंकर **6-29** एमएम के भाव **97** हजार रूपए हो गए है और एमसीएक्स पर इसी माह के लिए स्पॉट रेट **95, 578** रूपए है। जबकि कॉटलुक ए इंडेक्स, ब्राजील कॉटन इंडेक्स, यूएसडीए स्पॉट रेट, आईसीए कॉटन और चाइना कॉटन सभी जगह कॉटन भाव भारतीय कॉटन की तुलना में कम है।




## जानिए कॉटन के लिए कैसा रहा ये सप्ताह

**SMART INFO SERVICES**
**CALL : 91119 77771 - 5**
**WEEKLY CHART 13.08.2022**

| ICE COTTON | | | |
|---|---|---|---|
| MONTH | 05.08.2022 | 12.08.2022 | WEEKLY CHANGE |
| DEC | 96.13 | 108.59 | 12.46 |
| MARCH | 93.80 | 105.64 | 11.84 |
| MAY | 92.35 | 103.87 | 11.52 |
| | | | |
| MCX (BALES) | | | |
| AUG | 47180 | 48640 | 1460 |
| OCT | 38950 | 39810 | 860 |
| NOV | 34200 | 35130 | 930 |
| | | | |
| NCDEX (KAPAS) | | | |
| APRIL | 1693 | 1739.5 | 46.5 |
| | | | |
| NCDEX ( COCUD KHAL) | | | |
| AUG | 2677 | 2631 | -46 |
| SEP | 2713 | 2790 | 77 |
| DEC | 2465 | 2508 | 43 |
| | | | |
| CURRENCY ($) | | | |
| INDIAN (Rupee) | 79.23 | 79.66 | 0.43 |
| PAK (Pakistani Rupee) | 224.302 | 218.92 | -5.382 |
| CNY (Chinese yuan) | 6.76228 | 6.74289 | -0.01939 |
| BRAZIL (Real) | 5.61599 | 5.07901 | -0.53698 |
| AUSTRALIAN Dollar | 1.44696 | 1.40292 | -0.04404 |
| MALAYSIAN RINGGITS | 4.45604 | 4.44414 | -0.0119 |
| | | | |
| COTLOOK "A" INDEX | 113.1 | 122.75 | 9.65 |
| BRAZIL COTTON INDEX | 116.65 | 120.06 | 3.41 |
| USDA SPOT RATE | 106.04 | 118.8 | 12.76 |
| MCX SPOT RATE | 44600 | 45690 | 1090 |
| KCA SPOT RATE (PAKISTAN) | 17000 | 17500 | 500 |
| | | | |
| GOLD ($) | 1792.4 | 1818.4 | 26 |
| SILVER ($) | 19.86 | 20.835 | 0.975 |
| CRUDE ($) | 88.53 | 91.88 | 3.35 |

इस सप्ताह कॉटन के भावों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। भारतीय कॉटन एक्सचेंज के साथ ही विदेशी कॉटन मार्केट में भी काफी बढ़त दर्ज की गई। इंटरनेशनल कॉटन एक्सचेंज मार्केट में फयूचर सौदे के दिसंबर महीने के भाव 12.46 की बढ़त के साथ 108.59 पर बंद हुए जबकि एमसीएक्स में अगस्त महीने के सौदे में 1460 रूपए की बढ़त दर्ज की गई। हालांकि अक्टूबर और नवंबर महीने के लिए सौदे के भाव में क्रमशः 860 और 930 की बढ़त हुई। एनसीडीएक्स पर भी कपास के भाव 46.5 की बढ़ोतरी के साथ 1739.5 पर बंद हुए।

करंसी की बात करें तो डॉलर को केवल भारतीय रूपए के खिलाफ थोड़ी मजबूती मिली। इसके विपरीत पाकिस्तानी रूपया, चाइनीस युआन, ब्राजील रिअल, ऑस्टेलियन डॉलर और मलेशियन रिंगिट सभी ने डॉलर को पछाड़कर मजबूती हासिल की है। गोल्ड के लिए भी यह सप्ताह काफी अच्छा रहा। सप्ताह शुरूआत में जहां सोने के भाव 1792.4 थे वहीं सप्ताहअंत में 1818.4 हो गए।